सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 298 | इंदौर, शुक्रवार 10 मई, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# पहली बार कांग्रेस ने NOTA को बनाया चुनावी चेहरा

■ हमारी पार्टी किसी भी प्रत्याशी का समर्थन नहीं करेगी। दलबदल के विरोध में अब NOTA ही हमारा विकल्प है।' - जीतू पटवारी, अध्यक्ष, मध्यप्रदेश कांग्रेस

■ कुछ लोग माहौल बना रहे हैं NOTA-NOTA.., लेकिन इंदौर की जनता नकारात्मक राजनीति करने वालों का बोरी-बिस्तर बांध देगी। - कैलाश विजयवर्गीय, मंत्री मध्यप्रदेश

डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** इंदौर में कांग्रेस प्रत्याशी के मैदान छोड़ने के बाद चुनाव किस दिशा में चला गया, ऊपर के बयान इसे समझाने के लिए काफी हैं। जिस इंदौर सीट को लेकर 10 दिन पहले कोई सवाल और चर्चा नहीं थी, अब वह सूरत के बाद पूरे देश में चर्चा में है। नामवापसी से ज्यादा बड़ा मुद्दा NOTA बनता जा रहा है और कांग्रेस ने आधिकारिक तौर पर समर्थन कर लोगों से वोट मांगने शुरू कर दिए हैं।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष समेत तमाम नेता कह चुके हैं कि भाजपा के इस कृत्य का जवाब NOTA का बटन दबाकर दीजिए..। इस नई रणनीति ने इंदौर चुनाव की स्क्रिप्ट और किरदार दोनों बदल दिए हैं। यह बात इतनी तेजी से देशभर में फैलती गई कि इंदौर आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एयरपोर्ट पर मिलने आए बूथ अध्यक्षों से पूछना पड़ा 'इंदौर का क्या होगा? वोट कम पड़ेंगे क्या? कितने से जीतेंगे?'

## कांग्रेस कैंडिडेट के मैदान छोड़ने से फीका पड़ा मैदान

कांग्रेस प्रत्याशी के मैदान छोड़ने के बाद आम लोगों के लिए चुनाव फीका पड़ गया है। इसी से BJP को टेंशन हो गई है कि जिस सीट को पिछले बार 5 लाख वोटों से जीता, वहां इस बार लोग वोट डालने में ही रुचि नहीं ले रहे हैं। यदि लोग नहीं निकले तो पिछली बार के नंबर भी नहीं आ पाएंगे।

इस बात पर मोहर लगा दी थी पूर्व लोकसभा स्पीकर सुमित्रा महाजन ताई के एक बयान ने। उन्होंने इंटरव्यू में कह दिया कि 'मुझे तो अपनी ही पार्टी के कार्यकर्ता कह रहे हैं कि अच्छा नहीं हुआ। अब हम NOTA को ही वोट देंगे। मैं भी इस घटनाक्रम से हैरान हो गई थी।' पार्टी ने इस बयान को गंभीरता से लिया था। रातोंरात इंदौर के BJP के बड़े नेताओं की बैठक बुलाकर कह दिया गया कि ज्यादा से ज्यादा वोट डलवाओ।

## BJP हाईकमान ने सुमित्रा महाजन की हैरानी के बाद एक्शन लिया

नामवापसी और दलबदल का पूरा क्रेडिट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने खुद लिया था। 29 अप्रैल को वे खुद कलेक्टोरेट तक कांग्रेस प्रत्याशी अक्षय बम को लेकर गए और नामवापसी के बाद भाजपा जॉइन कराई। समर्थकों ने पूरे दिन जश्न मनाया और सोशल मीडिया पर भी क्रेडिट दिया।

हालांकि, 48 घंटे में ही यह फैसला पार्टी और विजयवर्गीय खेमे के लिए सिरदर्द बन गया। देशभर में सोशल मीडिया पर इसकी आलोचना शुरू हो गई। कई बड़े नेताओं ने बधाई देने की बजाय चुप्पी साध ली। सुमित्रा महाजन ने तो रणनीति पर ही हैरानी जता दी थी। इसके बाद दिल्ली और भोपाल के हाईकमान ने भी संज्ञान लिया। 5 मई की रात को एकाएक इंदौर के नेताओं की कार्यालय में बैठक बुलाई और दिल्ली-भोपाल से संगठन के नेता वीडियो कॉन्फ्रेंस से जुड़े।






भगवान परशुराम
जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

## अक्षय तृतीया

1. माँ अन्नपूर्णा का जन्म
2. कुबेर को धनपति की उपाधि मिली थी
3. चिरंजीवी परशुराम का जन्म हुआ था इसीलिए आज परशुराम जन्मोत्सव भी हैं।
4. माँ गंगा का धरती अवतरण हुआ था
5. सूर्य भगवान ने पांडवों को अक्षय पात्र दिया।
6. महाभारत का युद्ध समाप्त हुआ था
7. वेदव्यास जी ने महाकाव्य महाभारत की रचना गणेश जी के साथ शुरू किया था
8. आदि शंकराचार्य ने कनकधारा स्तोत्र की रचना की थी।
9. प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री बद्री नारायण धाम का कपाट खोले जाते है
10. बृंदावन के बाँके बिहारी मंदिर में श्री कृष्ण चरण के दर्शन होते है
11. जगन्नाथ भगवान के सभी रथों को बनाना प्रारम्भ किया जाता है।

**अक्षय तृतीया अपने आप में स्वयं सिद्ध मुहूर्त है कोई भी शुभ कार्य का प्रारम्भ किया जा सकता है..!**

अक्षय तृतीया
की हार्दिक शुभकामनाएं
'जय जय परशुराम'

# दिग्विजय सिंह ने शुरू की चौथे चरण की तैयारी

## अब खरगोन में करेंगे चुनावी सभा, वीडी शर्मा ने पूछा- कमलनाथ-नकुल कहां हैं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। राजगढ़ लोकसभा सीट के मतदान से फ्री होकर पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने चौथे चरण की तैयारी शुरू कर दी है। इस लोकसभा चुनाव में पहली बार उन्होंने गुरुवार को रतलाम के सैलाना में चुनावी सभा की। अब शुक्रवार को खरगोन में सभा करेंगे। दिग्विजय के सक्रिय होने और पूर्व सीएम कमलनाथ के प्रचार में नहीं दिखने पर बीजेपी सवाल उठा रही है।**



बता दें कि लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में मध्यप्रदेश की 9 सीट पर 7 मई को मतदान हुआ था। वोटिंग में राजगढ़ सीट पर सबसे ज्यादा 75.36% मतदान हुआ। अब तक चुनाव प्रचार के दौरान दिग्विजय सिंह राजगढ़ छोड़कर प्रदेश में दूसरी जगह प्रचार के लिए नहीं गए। यहां तक कि चुनाव लोकल मुद्दों और स्थानीय सांसद तक सीमित रखने की भी कोशिश की।

### वीडी बोले- सर्च वारंट निकलेगा, तब पता चलेगा

बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा- मीडिया के मित्र मुझसे पूछ रहे हैं कि कमलनाथ जी कहां हैं? तो कह रहे हैं कि हमें ही पता नहीं लग रहा कहां हैं। सर्च वारंट निकलेगा, तभी पता चलेगा।

### आदिवासी सीटों पर करेंगे प्रचार

शुक्रवार को दिग्विजय सिंह खरगोन लोकसभा क्षेत्र के कांग्रेस उम्मीदवार पोरलाल खरते के समर्थन में प्रचार करेंगे। सुबह बड़वानी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद अंजराड़ा, ओसाड़ा, बमनाली फाटे, आवली, सावरीयापानी, बोकराटा, गंधावल, राजपुर में नुक्कड़ सभा करेंगे।

### दिग्विजय ने अकेले संभाली प्रचार की कमान

पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह करीब 33 साल बाद परंपरागत राजगढ़ सीट से लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। दिग्विजय सिंह ने चुनाव में बड़े नेताओं की सभा से परहेज किया। राजगढ़ में चुनाव प्रचार के दौरान सोनिया गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की सभा नहीं हुई। प्रदेश के बाहर के नेताओं में राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने ही दो-दो सभा की। इनके अलावा, दिग्विजय सिंह खुद ही प्रचार करते रहे।



# कांग्रेस ने बोली सभी मतदान केंद्रों पर कैमरे लगाए जाएं

## कलेक्टर ने कहा - 61 प्रतिशत कैमरे लगाने पर निर्णय हो चुका है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव में भाजपा के द्वारा अपनी जीत का अंतर बढ़ाने के लिए जमकर फर्जी मतदान कराया जा सकता है । ऐसी स्थिति में जरूरी है कि सभी मतदान केदो पर सीसीटीवी कैमरे लगाकर उसकी रिकॉर्डिंग की जाए ।**

यह मांग कांग्रेस के द्वारा इंदौर के जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह से की गई है । कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व इंदौर नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने किया । प्रतिनिधि मंडल में इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत सिंह चड्ढा इंदौर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सदाशिव यादव, प्रमोद टंडन, विनय बाकलीवाल, राजेश चौकसे, राजू भदोरिया, अमन बजाज, दीपू यादव ,पिंटू जोशी, राजा चौकसे शामिल थे ।

### जमकर फर्जी मतदान कराया जा सकता है

इस प्रतिनिधि मंडल के द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी को ज्ञापन दिया गया । इस ज्ञापन में कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में इंदौर संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी को भाजपा के द्वारा षड्यंत्र रचकर चुनाव से बाहर करवा दिया गया है । ऐसी स्थिति में अब इंदौर में भाजपा को छोड़कर किसी भी राजनीतिक दल का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं है । इस स्थिति का लाभ उठाकर भाजपा के द्वारा मतदान केंद्र पर जमकर फर्जी मतदान कराया जा सकता है । यह फर्जी मतदान इंदौर में भाजपा की जीत की लीड बनाने के लिए किया जा सकता है ।

### मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का फैसला हो चुका है

ऐसी स्थिति में यह आवश्यक है कि इंदौर संसदीय क्षेत्र के सभी मतदान केंद्र पर मतदान की सीसीटीवी कैमरा के माध्यम से रिकॉर्डिंग कराई जाए । इस रिकॉर्डिंग का मतदान केंद्र के बाहर मुख्य मार्ग पर एलईडी के माध्यम से प्रदर्शन किया जाए । जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष सिंह के द्वारा कहा गया कि इस समय 61त्न मतदान केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के बारे में फैसला हो चुका है । कांग्रेस के द्वारा 100त्न मतदान केदो पर सीसीटीवी कैमरा लगाने की मांग की गई है । इस पर विचार किया जाएगा ।

### सशस्त्र सुरक्षा बल लगाए

कांग्रेस के द्वारा यह भी कहा गया है कि इंदौर संसदीय क्षेत्र के सभी संवेदनशील और अति संवेदनशील मतदान केंद्र पर सशस्त्र सुरक्षा बल तैनात किया जाए । हमें आशंका है कि भाजपा द्वारा अपराधियों के मदद से इन मतदान केंद्र पर कब्जा किया जा सकता है । चुनाव की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए पारदर्शिता जरूरी है । इसके लिए यह कदम उठाने जाना चाहिए ।

# दीपप्रकाश ग्रंथ को पालकी मे रखकर निकाली प्रभातफेरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। 88 वर्ष पुरातन श्रीनाथ मन्दिर, साउथ तुकोगंज में चल रहे चार दिवसीय श्री माधवनाथ दीप प्रकाश ग्रंथ शताब्दी व दीप स्तंभ अनावरण महोत्सव के तीसरे दिन भी विभिन्न कार्यक्रम हुए। शुरूआत सुबह कांकड आरती से हुई। उसके बाद प्रभात फेरी ढोल, मजीरे, ताशे के साथ शंखनाद करते हुए निकली जिसमे भगवा ध्वज भी था। प्रभात फेरी में दीप प्रकाश ग्रंथ को पालकी में रखा गया था। भक्तों ने उसका पूजन भी किया। श्री माधव नाथ के जीवन और उनकी लीलाओ पर केंद्रित इसी ग्रंथ को आज 100 वर्ष पूरे हो गए । प्रभात फेरी श्रीनाथ मन्दिर से शुरू होकर घंटा घर होते हुए पुनः कार्यक्रम स्थल पर आई। पुष्प वर्षा कर प्रभात फेरी का स्वागत किया गया। प्रभात फेरी की खासियत यह थी कि इसमें सभी महिलाएं गुलाबी परिधान मे थी जबकि पुरुष पीत वस्त्र मे थे। महिला, पुरुष और बच्चे सभी तीन तीन की कतार में अनुशासन होकर चल रहे थे। प्रभात फेरी में पुणे, मुंबई, अमरावती, रावेर, नागपुर, अहमदाबाद, भुसावल से आये भक्तों के अलावा स्थानीय लोगों को मिलाकर करीब एक हजार लोग शामिल हुए। रास्ते भर श्री नाथ जय जय नाथ के जयघोष लगे। यह जानकारी संस्थान के अध्यक्ष एवं पूर्व चीफ जस्टिस वी एस कोकजे और सचिव संजय गो. नामजोशी ने दी।

# मरीजों को हर दो से तीन सप्ताह में खून चढ़ता है

## थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम में दी गई जानकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंडेक्स हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर द्वारा विश्व थैलेसीमिया दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर इंडेक्स मेडिकल कॉलेज मालवांचल यूनिवर्सिटी के छात्रों को भी थैलेसीमिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। इंडेक्स मेडिकल कॉलेज और इंदौर एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स द्वारा थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। इस अवसर पर डॉ.प्रीति मालपानी ने ब्रोनो मैरो ट्रांसप्लांट के बारे में भी जानकारी दी।**

उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया एक अनुवांशिक रोग है। इस रोग में लाल रक्त कण नहीं बन पाते और जो बन पाते हैं, वो कुछ समय तक ही रहते है। इस रोग से पीड़ित व्यक्ति को बार-बार खून चढ़ाना पड़ता है। डॉ विनय वी वोहरा ने कहा कि यह एक ऐसा रक्त विकार है जिसके कारण खून की कमी हो जाती है। रोगियों को हर दो से तीन सप्ताह में रक्त चढ़ाने की आवश्यकता होती है। थैलेसीमिया से पीड़ित रोगियों में आयु के साथ-साथ रक्त की आवश्यकता भी बढ़ती रहती है।

रक्त चढ़ाने में काफी खर्चा आता है और समय भी लगता है। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के छात्रों द्वारा पोस्टर प्रदर्शनी के जरिए थैलेसीमिया बीमारी के बारे में जानकारी दी गई। डॉ.शरद थोरा ने थैलेसीमिया बीमारी के बारे में जानकारी दी। इंदौर एकेडमी आफ पीडियाट्रिक्स के सचिव डॉ.सौरभ पिपरसानिया ने बच्चों में थैलेसीमिया के गंभीर लक्षणों के बारे में बताया. कार्यक्रम में मालवांचल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ.संजीव नारंग,वाइस डीन डॉ.पी न्याती,चिकित्सा अधीक्षक डॉ.स्वाति प्रशांत,डॉ.ए.के. जैन,डॉ.सुधीर मौर्या उपस्थित थे। संचालन डॉ.स्तुति गंगरानी ने माना।

# नया प्लांट डालने की तैयारी

## पिनेकल इंडस्ट्रीज इलेक्ट्रिक बसें बनाएगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। शहर के पास बन रही स्मार्ट इंडस्ट्रियल पीथमपुर सेवन टाउनशिप में अपना नया प्लांट डालने के लिए पिनेकल कंपनी ने मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम (एमपीआईडीसी) में आवेदन देकर लगभग जमीन की कुल कीमत की 25 प्रतिशत राशि जमा करा दी। यह कंपनी इलेक्ट्रिक व्हीकल बनाएगी।**

एमपीआईडीसी के अनुसार पिनेकल कंपनी ने इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्यूफैक्चरिंग प्लांट के लिए लगभग 50 एकड़ जमीन ली है। यह कंपनी यहां पर इलेक्ट्रिक बसें बनाएगी। एमपीआईडीसी से हुए अनुबंध के अनुसार यह कंपनी 1000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। लगभग 500 लोगों को रोजगार देगी। पिनेकल कंपनी को पीआईएल के नाम से भी जाना जाता है। यह पुणे, महाराष्ट्र में भारतीय मोटर वाहन और इंटीरियर संबंधित निर्माण करती आ रही है। अधिकारियों के आसार इस कंपनी के अलावा लगभग 6 कंपनियां जमीन लेने के लिए कतार में हैं। गौरतलब है कि इंदौर-बेटमा के पास एमपीआईडीसी स्मार्ट इंडस्ट्रियल पीथमपुर सेवन टाउनशिप बना रहा है।

# गंदगी फैलाने पर होटल राजशाही पर फाइन

## निगम कमिश्नर के तीखे तेवर, कचरा पड़ा होने पर दरोगा का 5 दिन का वेतन काटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। निगम कमिश्नर शिवम वर्मा ने गुरुवार को जोन-11 के ढक्कनवाला कुआं क्षेत्र स्थित सुलभ कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया। इस दौरान होटल राजशाही द्वारा बोरिंग के माध्यम से वाहन धोया जा रहा था। इस कारण गंदा पानी रोड पर आ रहा था। इस पर उन्होंने सीएसआई को होटल राजशाही के खिलाफ चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। निगम कमिश्नर ने जिला जेल चौराहा पर रोड निर्माण कार्य का निरीक्षण किया गया। निर्माण अधूरा होने पर उसे समतल करने, पेवर ब्लॉक लगाने के साथ ही ग्रीनरी लगाने के निर्देश दिए। कृषि अनुसंधान केंद्र के सामने खाली जमीन पर बड़ी मात्रा में कचरा और सीएडडी वेस्ट पड़ा होने पर उन्होंने सीएसआई पर नाराजगी जताई। साथ ही क्षेत्रीय दरोगा गोपाल पटोना को नोटिस जारी करते हुए 5 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# 7 दिन तक इंदौर-महू के बीच निरस्त रहेगी डेमू-पैसेंजर

## 11 से 27 मई तक बंद रहेगा इंदौर-महू रेलखंड




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। रतलाम रेल मंडल के राऊ-महू रेलखंड के दोहरीकरण के चलते 11 से 27 मई तक इंदौर-महू रेलखंड पर ट्रेनों का संचालन नहीं होगा। इस दौरान इंदौर-महू के बीच चलने वाली डेमू और पैसेंजर ट्रेन का संचालन बंद रहेगा। वहीं महू से चलने वाली लंबी दूरी की ट्रेनों का संचालन इंदौर, लक्ष्मीबाई नगर और उज्जैन से किया जाएगा। दरअसल, 27 मई को इस रेलखंड का रेलवे सुरक्षा आयोग के अफसर निरीक्षण करेंगे, ताकि दूसरी लाइन पर भी ट्रेनों का संचालन शुरू हो सके।

मंडल से मिली जानकारी के अनुसार पिछले साल मार्च में राऊ-महू के 9.5 किमी के रेलखंड पर दूसरी रेल लाइन डालने का काम शुरू हुआ था, जो अब जाकर पूरा हुआ है। इसके साथ महू रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म-एक पर रेल लाइन का काम पूरा हो चुका है। अब 11 से 26 मई तक रेलवे का निर्माण विभाग रेलवे सुरक्षा आयोग के निरीक्षण के पहले काम को पूरा करेगा। इसके बाद 27 मई को रेलवे सुरक्षा आयोग द्वारा पूरे ट्रैक का निरीक्षण किया जाएगा। इन 17 दिनों में इंदौर-महू के बीच चलने वाली दो जोड़ी पैसेंजर ट्रेन और चार जोड़ी डेमू ट्रेन का संचालन पूरी तरह से बंद रहेगा।

### इंदौर-बिलासपुर एक्सप्रेस का संचालन उज्जैन से

प्रयागराज एक्सप्रेस और पटना स्पेशल का संचालन लक्ष्मीबाई नगर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। इंदौर-बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस और महू-रीवा-महू एक्सप्रेस का संचालन उज्जैन से होगा। वहीं मालवा एक्सप्रेस, इंदौर-भोपाल-इंदौर इंटरसिटी, कामाख्या एक्सप्रेस, यशवंतपुर एक्सप्रेस ट्रेन और नागपुर एक्सप्रेस का संचालन इंदौर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा। इसके साथ ही महू से रतलाम और रतलाम से महू के बीच चलने वाली सभी डेमू ट्रेनों का संचालन इंदौर रेलवे स्टेशन से किया जाएगा।

# यंग गर्ल्स के हाथों में इलेक्ट्रिक बसों का स्टीयरिंग

## अमेरिकी राजदूत भी आए थे इन्हें देखने

### बीआरटीएस कॉरिडोर पर 30 इलेक्ट्रिक बसों के साथ ही सीएनजी से चलने वाली 29 बसें दौड़ रही

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। देश का सबसे स्वच्छ शहर इंदौर अब वायु प्रदूषण से निजात पाने के प्रयास कर रहा है। इसके साथ यात्री परिवहन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी खासा जोर है। इंदौर में क्लीन और ग्रीन एनर्जी से संचालित भारत के पहले बस कॉरिडोर पर अब न डीजल-पेट्रोल की बदबू आती है न गाड़ी का शोर-शराबा होता है। धूल-धुआं और गर्मी न होने से इलेक्ट्रिक बस में थकान भी महसूस नहीं होती। इससे आम लोगों सफर आसान और आरामदायक हो गया है।**






इंदौर में वायु प्रदूषण को कम करने के लिए किए जा रहे प्रयासों के तहत बीआरटीएस को ग्रीन मोबिलिटी कॉरिडोर में तब्दील कर दिया गया है। शहर के राजीव गांधी चौराहे से निरंजनपुर के बीच 20 स्टॉप वाले इस इस 11.5 किलोमीटर की दूरी के इस रूट से पेट्रोल-डीजल की सभी बसों को हटा दिया गया है। इससे बसों की ऑपरेटिंग कॉस्ट भी घटकर 77 रुपए प्रति किमी हो गई है। पहले बीआरटीएस ग्रीन कॉरिडोर को संचालित करने वाली संस्था अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विस लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) को निजी कंपनी को 79 से 80 रुपए प्रति किमी देना पड़ता था। इतना ही नहीं, हर साल बड़े पैमाने पर कार्बन का उत्सर्जन रोका जा रहा है। एआईसीटीएसएल के सीईओ और इंदौर के एडिशनल कमिश्नर मनोज पाठक का बताते हैं, बीआरटीएस 15 मार्च 2024 से सौ फीसदी ग्रीन मोबिलिटी फ्रेंडली कॉरिडोर है। इस पर डीजल बसों की जगह इलेक्ट्रिक और सीएनजी बसें चलाई जाती हैं। इंदौर शहर की वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाने की दिशा में यह महत्वपूर्ण कदम है। डॉ. प्रकाश दोराईस्वामी, डायरेक्टर (एयर क्वालिटी), डब्ल्यूआरआई इंडिया के मुताबिक, इंदौर की वायु गुणवत्ता पर हुई क्लीन एयर कैटलिस्ट (सीएसी) की स्टडी में पाया गया है कि डीजल-पेट्रोल के वाहनों का धुंआ वायु प्रदूषण के बड़े कारणों में से एक है। शहरों में वायु गुणवत्ता सुधार के लिए वाहनों के प्रदूषण से निजात पाना जरूरी है। सीएसी के साथ काम कर रही संस्था इंटरन्यूज के सहयोग से कामकाजी महिलाओं पर हुई एक अन्य स्टडी के मुताबिक 76.7 फीसदी कामकाजी महिलाएं वायु प्रदूषण के कारण विभिन्न समस्याओं का सामना कर रही हैं। वाहनों के धुएं में मौजूद कार्बन मोनोक्साइड, नाइट्रोजन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसें हमारे स्वास्थ्य के लिए घातक है। पिछले दिनों इंदौर के जनमानस की सुविधाओं में वृद्धि की दृष्टि से 'इलेक्ट्रिक ई-आईबस सर्विस' और महिलाओं की सुरक्षा हेतु विशेष बस 'इलेक्ट्रिक पिंक ई-आईबस सेवा' का शुभारंभ सिटी बस ऑफिस पर किया गया। इंदौर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट में 2019 में 40 इलेक्ट्रिक बसों के साथ क्लीन एनर्जी के उपयोग की शुरुआत हुई थी। अब बीआरटीएस कॉरिडोर पर 30 इलेक्ट्रिक बसों के साथ ही सीएनजी से चलने वाली 29 बसें दौड़ रही हैं। एआईसीटीएसएल के एक सर्वे के मुताबिक इन बसों में ट्रैवल करने वाले 60 फीसदी पैसेंजर युवा और 49 फीसदी महिलाएं हैं। बीआरटीएस की 30 इलेक्ट्रिक बसों के अलावा 50 इलेक्ट्रिक बसें इंदौर के अन्य हिस्सों के लिए आएंगी।

इंदौर के बीआरटीएस कॉरिडोर की महिला पैसेंजर खास तौर पर इस बात से भी खुश हैं कि उनकी यात्रा सुखद और सुविधाजनक होने के साथ ही सुरक्षित भी है। बीते महीने से अब इस रूट पर पहली इलेक्ट्रिक पिंक बस चलाई जा रही है जिसकी सवारियां, ड्राइवर और कंडक्टर सभी महिलाएं हैं। पिंक बस की शुरूआत जून 2021 में हो गई थी, लेकिन तब यह डीजल से चलती थी। पिंक बस की ड्राइवर निशा शर्मा का कहना है, पिंक बस में महिलाओं को बस चलाते देख साथी पैसेंजर महिलाएं सुरक्षित और प्रसन्न महसूस करती हैं। हालांकि मैंने पुरुषों और महिलाओं के लिए चलने वाली ब्लू बस भी चलाई है। हमें बस चलाते देख कर सभी लोग खुश होते हैं। डॉ. ठाकुर बताती हैं, इंदौर के पब्लिक ट्रांसपोर्ट के संचालन में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हम पूरा प्रयास करते हैं। बीआरटीएस कॉरिडोर पर सिटी बस संचालन में सबसे पहले हमने टिकट विंडो पर महिलाओं को नियुक्त किया। इसके बाद महिलाओं को बस ड्राइवर, कंडक्टर के रूप में अपने साथ जोड़ा।

#### अमेरिकी राजदूत ने यह कहा

बीती 7 मार्च को इंदौर प्रवास पर आए अमेरिका के राजदूत एरिक गार्सेटी ने ई-पिंक बस का अवलोकन किया तथा महिला बस ड्राइवरों और कर्मचारियों से सहज संवाद किया। राजदूत गार्सेटी ने कहा, मैं आपके इस कार्य से बहुत प्रभावित हूं। अन्य महिलाओं के लिए आप आदर्श हैं और आपसे अन्य महिलाएं भी आत्मनिर्भर जीवन के लिए प्रेरित होंगी। इस अवसर पर इंदौर के महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा था कि सात वर्षों तक स्वच्छता में अव्वल रहने के बाद, अब हम वाहनों के लिए स्वच्छ ऊर्जा, विशेष रूप से सौर ऊर्जा का उपयोग करने में अग्रणी बनकर इंदौर को वाहन प्रदूषण से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इंदौर में इलेक्ट्रिक-बसों का कारवां बताता है कि कैसे वायु गुणवत्ता में सुधार के प्रयास महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में भी मदद कर सकते हैं।

## जाटव अहिरवार समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन कल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। प्रज्ञाशील जाटव अहिरवार समाज कल्याण समिति द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार 11 मई शनिवार, अक्षय तृतिया पर सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन को लेकर पूरी तैयारी हो गई है।**

प्रज्ञाशील जाटव अहिरवार समाज कल्याण समिति के सरक्षक प्रमोद धुलधोये, संयोजक राजेश माठोलिया,अध्यक्ष सोनू गोरखिया, उपाध्यक्ष अमरसिंह माठोलिया, उपाध्यक्ष प्रितम सेमवार, उपाध्यक्ष ललित पटेल, कोषाध्यक्ष मुकेश मीथोरिया, सचिव योगेश मिथोरीया, सह सचिव नितेश सिरोले, महामंत्री विजय सेन, विकास सेनवार, राहुल गोलापुरी ने बताया कि 11 मई शनिवार, अक्षय तृतिया पर सामुहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया है। सम्मेलन को लेकर पूरी तैयारी हो गई है।

सम्मेलन कार्यक्रम स्थल श्री गंगा मैरिज गार्डन, लिम्बोदी, खंडवा रोड़ पर होगा। बाल विवाह निषेध हैं। उम्र से सम्बंधित दस्तावेज देने होंगे। लडकी की उम्र 18 वर्ष एवं लडके की उम्र 21 वर्ष होना अनिवार्य है। समिति का निर्णय सर्वमान्य है। किसी प्रकार का नशा प्रतिबंधित हैं। सम्मेलन में सामाजिक कुरीतियों का त्याग करने के साथ जल संरक्षण एवं पुनर्भरण, पर्यावरण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने और विवाह में जुठन नहीं छोडने का संकल्प दिलाया जाएगा।

## मौसम बिगड़ा तो मददगार साबित हुआ बिजली कंपनी का ऊर्जस एप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बुधवार की शाम मौसम में भारी बदलाव के चलते भीषण गर्मी होने के बाद भी तेज हवाओं और मूसलधार वर्षा की स्थिति निर्मित हुई। इस दौरान आंधी, पेड़ों की शाखाओं, होर्डिंग्स लाइनों के पास गिरने से कुछ स्थानों पर बिजली आपूर्ति सेवाएं भी प्रभावित हुई। इस दौरान बिजली कंपनी का ऊर्जस एप मददगार साबित हुआ। ऊर्जस एप पर बुधवार को 1100 उपभोक्ताओं ने विद्युत संबंधी शिकायतें दर्ज कराई। इन सभी शिकायतों का समय पर उचित माध्यम से निराकरण कराया गया। मौसम प्रभावित होने के उपरांत ऊर्जस एप के माध्यम से इंदौर शहर क्षेत्र के 800, उज्जैन के 90, रतलाम के 75 उपभोक्ताओं की मदद की गई। शिकायत निवारण के बाद सभी उपभोक्ताओं को कॉल कर समाधान की पुष्टि भी की गई।

## बाल विवाह की रोकथाम हेतु कलेक्टर द्वारा धारा 144 के तहत आदेश जारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। इंदौर जिले में बाल विवाह की रोकथाम हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा धारा 144 के तहत आदेश जारी किये गये हैं। आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 तथा भारतीय दण्ड संहिता की धारा 188 के तहत कार्यवाही की जाएगी।**

बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम- 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका एवं 21 वर्ष से कम उम्र के पुरूष के विवाह को प्रतिषेध किया गया है। जो कोई बाल विवाह को सम्पन्न करेगा, संचालित करेगा, निर्दिष्ट करेगा या दुष्प्रेरित करेगा, ऐसे व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही के विधिक प्रावधान बनाये गये हैं। अक्षय तृतीया (आखातीज) एवं अन्य अवसरों पर सामूहिक विवाह के कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसके साथ ही विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा वैवाहिक कार्यक्रम सम्पन्न कराये जाते हैं। इस दौरान बाल विवाहों के आयोजन की संभावनाएं रहती है। जिले में बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए एवं बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम-2006 के विधिक प्रावधानों का पालन सुनिश्चित कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा आदेश जारी किये गये हैं। अक्षय तृतीया एवं अन्य अवसरों पर विवाह रोकथाम अभियान के अन्तर्गत गठित दलों द्वारा सामूहिक विवाहों का निरीक्षण किया जाये एवं यदि कहीं पर बवाल विवाह होना पाया जाता है तो विधि अनुरूप कार्यवाही की जाये।

## कामगारों को मतदान के लिए मिलेगा सवैतनिक अवकाश

**इंदौर।** इंदौर में लोकसभा चुनाव के 13 मई को मतदान होगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-ख के प्रावधानानुसार निर्वाचन के दौरान मतदान दिवस को किसी भी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा किसी स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को मतदान करने हेतु सवैतनिक अवकाश प्रदान किये जाने के निर्देश हैं। यह निर्देश ऐसे निर्वाचकों पर लागू नहीं होंगे, जिनकी अनुपस्थिति से उस नियोजन में कोई खतरा या सारवान हानि स्वेद्ध हो सकती है। इस प्रावधान के अंतर्गत दैनिक वेतन/आकस्मिक श्रमिक भी मतदान दिवस पर मजदूरी सहित अवकाश के हकदार होंगे। इस प्रावधान का उल्लंघन करने वाले नियोजकों के विरुद्ध दण्ड के प्रावधान है। लोकसभा के आम निर्वाचन 2024 के के लिए इंदौर जिले के अंतर्गत आने वाले समस्त कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उपक्रम अथवा अन्य किसी स्थापना में कार्यरत कामगारों को मतदान के लिए सुविधा देने की दृष्टि से इनके नियोजकों, अधिभोगीगणों, प्रबंधकों को निर्देशित किया गया है कि वे उपर्युक्त प्रावधान का समुचित परिपालन अनिवार्यतः सुनिश्चित करें।

## सरकारी स्कूलों में भी शुरू होगा समर कैंप

### गीत, डांस, पेंटिंग सहित होंगी कई गतिविधियां, ऐसे होगा रजिस्ट्रेशन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** निजी स्कूलों की तर्ज पर पहली बार सरकारी स्कूलों में समर कैंप आयोजित किया जाएगा। बच्चें यहां खेल गतिविधि के साथ ही संगीत, नृत्य और चित्रकला के गुर सीखेंगे। इसके लिए विद्यार्थी को दस रूपए शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन कराना होगा। यह समर कैंप 13 मई से 13 जून तक आयोजित होंगे। समर कैंप का आयोजन सभी सरकारी स्कूलों में किया जाएगा। अभी तक केवल सीएम राइज स्कूलों में ही समर कैंप आयोजित किए जाते थे। हाल ही में लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी सरकारी स्कूलों में समर कैंप आयोजित करने का आदेश जारी किया है। विभाग के अफसरों ने बताया कि सभी स्कूलों को समर कैंप आयोजित करने के लिए आदेश जारी कर दिया है। एक महीने तक चलने वाले इस समर कैंप में कुल 20 दिन तक अलग-अलग गतिविधियां सुबह आठ से 11 बजे तक आयोजित की जाएगी। समर कैंप में शिक्षक, अतिथि शिक्षक और विशेषज्ञों द्वारा गतिविधियां आयोजित की जाएगी। इसके लिए उन्हें 150 रुपए प्रति कालखंड के हिसाब से भुगतान किया जाएगा।

## मतदान को देखते हुए इंदौर में मदिरा विक्रय पर रहेगा प्रतिबंध

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह ने 11 मई की शाम 6 बजे से 13 मई को मतदान समाप्ति तक ड्राय डे घोषित करते हुए मदिरा के क्रय/विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिये 11 मई 2024 की शाम 06 बजे से 13 मई 2024 को मतदान समाप्ति तक एवं मतगणना 04 जून 2024 को सम्पूर्ण दिवस की अवधि के लियेद्ध सम्पूर्ण इंदौर जिलें में शुष्क अवधि/दिवस घोषित किया गया है।

# खेलते-खेलते 15 महीने के मासूम ने निगला शेविंग ब्लेड, सांस नली में फंसा

## शहडोल में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर बचाई जान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**शहडोल**। शहडोल में खेल-खेल में 15 महीने के मासूम ने शेविंग ब्लेड निगल ली। ब्लेड उसकी सांस नली में जाकर फंस गई। मासूम को बुधवार देर रात शहडोल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। जहां तडक़े चार बजे 3 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उसकी जान बचाई। घटना अनूपपुर जिले के अंदारी गांव की है। यहां रहने वाले एक शख्स का 15 महीने का बेटा बुधवार शाम को घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान उसने जमीन पर पड़ी ब्लेड का आधा टुकड़ा निगल लिया।

### एक्सरे में दिखी गले में फंसी कोई चीज

सांस नली में ब्लेड फंसने के कुछ देर बाद बच्चे ने उल्टी करना करना शुरू कर दिया। उसे सांस लेने में भी दिक्कत होने लगी। रात में ही परिजन बच्चे को लेकर मेडिकल कॉलेज शहडोल पहुंच गए। यहां भर्ती करने के बाद जब एक्सरे किया गया तो गले में एक वस्तु फंसी हुई नजर आई।

### दूरबीन पद्धति ने निकाली गले में फंसी ब्लेड

रात में ही प्राथमिक इलाज के बाद बच्चे की सर्जरी का फैसला लिया गया। मेडिकल कॉलेज में पदस्थ ईएनटी सर्जन और एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर इजहार खान ने अपने सहयोगी डॉक्टर उमेश पटेल और डॉक्टर ऋतु के साथ गुरुवार तडक़े 4 बजे ऑपरेशन शुरू किया। दूरबीन पद्धति से बच्चे के गले में फंसी हुई ब्लेड को बाहर निकाला।

### डॉक्टर बोले-बच्चे ने दांतों से चबा लिया था ब्लेड

डॉक्टर इजहार ने बताया कि बच्चे के गले में ब्लेड का आधा टुकड़ा था। जिसे बच्चे ने मुंह में डालकर चबाया तो वह मुड़ गई और फिर गले में जाकर फंस गई। बच्चा अब पूरी तरह नार्मल है। कुछ समय ऑब्जर्वेशन में रखने के बाद उसे यहां से डिस्चार्ज कर दिया जाएगा।

# रंजिश के चलते युवक को गोली मारी

## बदमाशों ने चाकू से किए 8 वार

**उज्जैन**। आगर रोड स्थित मोहन नगर में गुरूवार को पुरानी रंजिश के चलते कुछ बदमाशों ने एक युवक पर प्राणघातक हमला कर दिया। बदमाशों ने युवक के हाथ तोड़ दिए और पैर पर चाकू के 8 वार किए। इसके बदमाशों ने गोली भी चलाई। घायल युवक को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। पुलिस द्वारा प्रकरण कायम कर फरार बदमाशों की तलाश की जा रही हैं। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहन नगर में गुरूवार को पीलियाखाल निवासी रोहित प्रजापति डंपर सुधरवाने आया था। इसी दौरान चिंगू बुंदेला,चिंगारी और उसके साथी वहां पहुंचे और रोहित पर पुरानी रंजिश के चलते हमला कर दिया। बदमाशों ने रोहित के हाथ तोड़ दिया इसके बाद चाकू से 8 वार किए और गोली भी चलाई। इसके बाद बदमाश भाग गए। सूचना मिलने पर रोहित को परिजनों ने जिला अस्पताल में उपचार के लिए पहुंचाया। घायल रोहित ने बताया कि डंपर सुधरवाने के दौरान चिंगु व उसके साथियों के साथ हमला किया। पुलिस ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच काफी समय से रंजिश चल रही थी। करीब डेढ़ साल पहले रोहित ने बुंदेला पर हमला किया था। बुंदेला के आपराधिक रिकॉर्ड को देखते हुए उसे जिला बदर कर दिया था। हाल ही में सजा पूरी कर आया और बदला लेने के लिए उसने रोहित पर हमला कर दिया। पुलिस ने चिंगु बुंदेला और उसके साथियों के खिलाफ धारा 307 में केस दर्ज कर तलाश की जा रही है।

# राजस्थानी कारीगरों की कार डंपर से टकराई, 8 घायल

**उज्जैन**। राजस्थान से गुरूवार को उज्जैन आ रहे कारीगरों की कार आगर रोड पर डंपर से टकरा गई,जिससे कार में सवार सभी 8 लोग घायल हो गए। घायलों को जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। राजस्थान दौसा से 8 कारीगर कार से उज्जैन महाकाल मंदिर में बाउंड्री निर्माण कार्य व पत्थर की तराशी के लिए महाकाल मंदिर आ रहे थे। राजस्थान के दौसा के सिकंदरा से बुधवार रात सभी कार में रवाना हुए। प्रातः 6 बजे कार से आगर रोड पर डंपर से टकरा गई,जिसमें कार ड्राइवर, ठेकेदार सहित 8 लोग घायल हुए हैं। घायलों में प्रवीण,सीताराम सैनी, बाबूलाल सैनी, मुकेश,जितेंद्र सैनी सहित अन्य शामिल है। सभी घायलों को उपयार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चिमनगंज मंडी थाना पुलिस द्वारा प्रकरण कायम कर जॉच की जा रही है।

## दिग्विजय सिंह बोले-

# हमारे कार्यकर्ता भाजपा से लड़ाई करना नहीं जानते

## रतलाम में कहा- जो बूथ नहीं जिता पाए, उनको बड़े पद चाहिए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम**। रतलाम आए पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने अपने ही कार्यकतार्ओं को नसीहत दे डाली है। उन्होंने कहा कि आज यह हो रहा है कि बड़े-बड़े पद पर कांग्रेस के लोग पहुंच रहे हैं, जो कि खुद का पोलिंग बूथ नहीं जिता पाते हैं। हमारा सबसे बड़ा नेता वही है, जो पोलिंग बूथ जिताए। राजनीति समाजसेवा है। जनता के बीच हमेशा काम करोंगे तो जिंदा रहोंगे। रतलाम शहर व ग्रामीण के लोगों को संभलना पड़ेगा। हम झाबुआ व सैलाना से जीतते हैं, लेकिन यहां आते ही गड्ढा हो जाता है, क्योंकि कार्यकर्ता भाजपा से लड़ाई करना नहीं जानते, लडऩे को तैयार नहीं रहते।




बता दे कि पूर्व सीएम दिग्विजयसिंह रतलाम झाबुआ आलीराजपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया के समर्थन में रतलाम ग्रामीण विधानसभा कार्यकतार्ओं के सम्मेलन में आए। गुरुवार शाम रतलाम के राजपूत बोर्डिंग में कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए उक्त नसीहत दी है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया भी मौजूद रहे।

दिग्विजयसिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दो दिन पहले प्रधानमंत्री ने मंच से कहा कि अदाणी और अंबानी ने काला धन कौडिय़ों से भर-भरकर टेंपों में कांग्रेस को भिजवाया। टेंपों में काला धन जा रहा है तो निक्कमी ईडी, सीबीआई, आईटी क्या सो रही थी। कितना झूठ बोलते है प्रधानमंत्री, हमे तो शर्म आने लगी है उन्हें प्रधानमंत्री बोलने पर। हर दिन झूठ बोलते है।

दिग्विजयसिंह ने कहा कि 10 सालों में केंद्र सरकार ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों को पनपाया है। किसानों का कर्जा माफ नहीं किया। कर्जा माफ हुआ है बड़े-बड़े उद्योगिपतियों का। जो कि बैंकों से कर्जा लेकर विदेश भाग गए।

### पीएम किसी के नहीं हुए

दिग्विजय सिंह ने पीएम को लेकर कहा कि यह बड़े सनातन धर्म की बात करते है। सनातन धर्म व हिंदू धर्म का पालन करने वाले लोग जब मां का देहांत होता है तब मुंडन कराते है। दाड़ी साफ कराते है। क्या मोदी जी ने कराई क्या। फिर कौन से सनातन धर्म की बात करते है। यह किसी के सगे नहीं हुए और नहीं हो सकते है। क्योंकि यह व्यक्ति अपने आपको इन सब बातों से बड़ा मानता है। देश को बर्बाद कर रहा है। अर्थव्यवस्था बिगाड़ रहा है।

### दिग्विजयसिंह के भाषण के पहले चले गए जीतू पटवारी

रतलाम ग्रामीण कांग्रेस कार्यकतार्ओं के सम्मेलन में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह के भाषण के पहले ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी चले गए। इसके पहले उन्होंने भी भाषण देकर पीएम समेत केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया।

# कांग्रेस कैंडिडेट के सामने बीजेपी का गुर्जर कार्ड

## मंदसौर से राज्यसभा सांसद बंशीलाल को बुलाया, गुर्जर बहुल गांवों में समाज वालों से मिले

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा। खंडवा संसदीय क्षेत्र में भाजपा-कांग्रेस में चुनाव प्रचार को लेकर रवैया तो सुस्त है लेकिन जातिगत वोटों पर बड़ा जोर दिया जा रहा है।? भाजपा को जातिगत आधार पर चुनौती देने के लिए कांग्रेस ने गुर्जर समाज से प्रत्याशी दिया है। वहीं कांग्रेस के गुर्जर वोट बैंक में सेंधमारी के लिए भाजपा ने मंदसौर से राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर को बुला लिया है। वे क्षेत्र में जनसंपर्क कर रहे हैं।**

13 मई को वोटिंग होना हैं, वोटिंग से चार दिन पहले भाजपा ने जातिगत नेताओं का जमावड़ा कर लिया है। गुरूवार राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने खंडवा आकर संसदीय क्षेत्र के गुर्जर बहुल गांवों में समाजजन से मुलाकात की। वे समाज के नेताओं से मिलने के लिए उनके घर पहुंचे। डोर-टू-डोर जलपान कर समाज वालों से चाय पर चर्चा की। बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार ने ओबीसी वर्ग के लिए कई नीतियां बनाई है। किसी भी हाल में कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन ना करें।

बता दें कि मंदसौर निवासी बंशीलाल गुर्जर राज्यसभा सांसद और किसान मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष है। उनके कार्यक्रम अनुसार उन्होंने खंडवा के गुर्जर बहुल गांव अहमदपुर खैंगाव से सामाजिक बैठक की शुरूआत की। इसके बाद वे चिचगोहन, बड़वाह, बैडिय़ा, भोगावा निपानी, डूडगांव, चितावद, बागदा बुजुर्ग, कातोरा, सेल्दा, बकावा, कानापुर, मोगांवा गांवों का भ्रमण किया।

दौरा कार्यक्रम के दौरान संयोजक व खंडवा जिला उपाध्यक्ष नंदन करोड़ी, जिपं सदस्य श्रीराम चौधरी, त्रिलोक पटेल, मुकेश साध, जगदीश पटेल, नानकराम पटेल, अरुणसिंह मुन्ना, हरीश कोटवाले, भरत पटेल, इकबालसिंह गांधी आदि मौजूद थे।

# पेड़ पर दिखा दुर्लभ काला तेंदुआ

## पेंच नेशनल पार्क में पर्यटक हुए रोमांचित, कैमरे में कैद किया नजारा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सिवनी**। जिले के पेंच राष्ट्रीय उद्यान के कोर एरिये में पर्यटकों गुरुवार को सफारी के दौरान दुर्लभ काला तेंदुआ नजर आया है। इसे देखकर पर्यटक काफी रोमांच से भर गए और उसकी तस्वीर कैमरे में कैद कर ली।

यह काला तेंदुआ पेंच में बघीरा के नाम से विख्यात है। गुरुवार सुबह की सफारी के दौरान पेंच टाइगर रिजर्व के टुरिया गेट से सफारी के लिए प्रवेश करने वाले पर्यटकों को यह दुर्लभ काला तेंदुआ दिखाई दिया। लंबे समय के बाद अचानक नजर आए इस काले तेंदुए को देख कर पर्यटक काफी रोमांचित हो गए। पेंच नेशनल पार्क में सैलानी प्राकृतिक वातावरण का आनंद लेने आते हैं। जहां उन्हें बाघ, तेंदुआ, हिरन, बारासिंघा सहित कई वन्य प्राणी देखने को मिल जाते हैं। पेंच नेशनल पार्क के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह पर्यटक सफारी कर रहे थे। जिन्हें पेड़ पर बैठा हुआ काला तेंदुआ दिखाई दिया।



## संपादकीय

### दावों के बावजूद मुश्किल

सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़े में बताया है कि पिछले तीन वर्षों में देश के परिवारों की शुद्ध बचत नौ लाख करोड़ रुपए से अधिक घट गई है। जारी आंकड़ों के मुताबिक वित्तवर्ष 2020-21 में परिवारों की शुद्ध बचत 23.29 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी, जो 2022-23 में घट कर 14.16 लाख करोड़ रुपए रह गई। यह स्थिति तब है जब देश में विदेशी मुद्रा की आवक बढ़ी है। विदेशों में रह रहे भारतीयों ने 2022 में एक सौ ग्यारह अरब डालर भारत भेजे। इस तरह हम दुनिया का पहला देश बन चुके हैं, जहां सौ अरब डालर या उससे अधिक विदेशों से भेजा गया धन प्राप्त हुआ है। दरअसल देखा गया है कि किसी देश की अर्थव्यवस्था की सेहत इस बात से भी आंकी जाती है कि उसकी राष्ट्रीय बचत किस स्थिति में है। भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से होड़ करती हुई आगे बढ़ रही है। मगर इसका दूसरा पक्ष यह भी है कि यहां राष्ट्रीय घरेलू बचत का रुख नीचे की तरफ बना हुआ है।  हालांकि समीक्ष्य अवधि में म्युचुअल फंड में निवेश बढ़ कर तीन गुना और शेयरों तथा डिबेंचर में परिवारों का निवेश बढ़ कर दोगुना हो गया है। मगर इसके बरक्स सच्चाई यह भी है कि पिछले तीन वर्षों में परिवारों पर कर्ज का बोझ बढ़ कर दोगुना हो चुका है। इसमें परिवारों द्वारा गैरवित्तीय बैंकों से लिया गया कर्ज चार गुना बढ़ा है। यह अवधि कोरोनाकाल के दौरान और उसके बाद की है। उस दौरान भविष्य निधि खाते से निकाले गए धन में भी बेतहाशा बढ़ोतरी दर्ज हुई थी। यानी कोरोनाकाल के बाद जिस अर्थव्यवस्था के सुधरने के दावे किए जाते रहे हैं, उसमें लोगों का अपना घरेलू खर्च चलाना मुश्किल बना हुआ है। इससे रोजगार की स्थिति और प्रति व्यक्ति आय के स्तर का भी पता चलता है। देश की तरक्की का तूमार चाहे जितना ऊंचा उठ जाए, पर वह टिकाऊ आम आदमी की हैसियत से ही बनती है। इसलिए यह अपेक्षा अपनी जगह बनी हुई है कि हकीकत से आंखें मिलाते हुए, विकास दर के बरक्स बुनियादी खामियों को दूर करने की कोशिश हो।

**Quote...**

"May you live all the days of your life."

-Jonathan Swift

MORARI BAPU



सत्य-प्रेम-करुणा...

**जिसको बुद्धपुरुष का मौन सुनना आ जाए वह बड़भागी है।**

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## धर्म-कर्म

# परशुराम जयंती आज

## जानें भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में क्यों लिया था धरती पर जन्म

आज 10 मई को परशुराम जयंती है। हर साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के दिन अक्षय तृतीया के साथ ही इस दिन परशुराम जयंती भी मनाई जाती है। पंचांग के अनुसार, वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 10 मई 2024 को सुबह 4 :17 पर शुरू होगी और अगले दिन 11 मई 2024 को सुबह 2 :50 पर इसका समापन होगा। परशुराम जयंती पर जगह-जगह उनके नाम पर भजन, कीर्तन और पाठ का आयोजन भी किया जाता है।



### परशुराम जयंती क्यों मनाई जाती है

अक्षय तृतीया के दिन वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम ने जन्म लिया था। जन्म के समय इनका नाम राम रखा गया था। कुछ समय बाद जब राम को महादेव ने परशु नामक शस्त्र दिया, तो राम जी को परशुराम कहा जाने लगा। इसका अर्थ यह है कि परशुराम जी के जन्म पर परशुराम जयंती मनाई जाती है।

### परशुराम जयंती पूजा मुहूर्त

**सुबह पूजा का समय –**
सुबह 07:14 – सुबह 08:56
**प्रदोष काल पूजा समय –**
शाम 05:21 – रात 07:02

### कौन हैं भगवान परशुराम

भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, इसलिए उनकी शक्तियां अक्षत मानी जाती है। परशुराम का जब जन्म हुआ था, तो उनका नाम राम था लेकिन आगे जाकर भगवान शिव से उन्हें कई अद्वितीय शस्त्र भी प्राप्त हुए। महादेव ने 'राम' को परशु जिसे फरसा या कुल्हाड़ी भी कहते हैं, भेंट की थी। परशु मिलने के बाद उनका नाम परशुराम पड़ गया, अर्थात परशु रखने वाला राम। तभी से उन्हें परशुराम कहा जाने लगा। माना जाता है कि पृथ्वी पर साधु-संतो और ऋषि-मुनियों की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था।

### परशुराम जयंती पर आत्मबल बढ़ाने के लिए करें इस मंत्र का जाप

परशुराम जयंती पर आप भगवान परशुराम की स्तुति भी कर सकते हैं। मान्यता है कि भगवान परशुराम की पूजा करने से व्यक्ति के आत्मबल और आत्मविश्वास में वृद्धि होती है। आप नीचे लिखे मंत्र को पढ़कर भगवान परशुराम का जाप कर सकते हैं।

**ॐ जमदग्न्याय विद्महे महावीराय**
**धीमहि तन्नो रामः प्रचोदयात्।**
**ॐ परशुरामाय नमः**
**ॐ क्लिं परशुरामाय नमः**
**ॐ ह्रीं श्रीं परशुराम धरणेन्द्राय नमः**
**ॐ ऋणहर्ता परशुरामाय नमः**

New Delhi

# फिर रंग लाई मोदी सरकार की विदेश नीति, ईरान ने 5 भारतीय नाविकों को किया रिहा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की विदेश नीति फिर एकबार रंग लाई है। ईरान में भारतीय दूतावास ने कहा है कि तेहरान द्वारा जब्त किए गए इजरायली जहाज पर सवार पांच भारतीय नाविकों को गुरुवार को रिहा कर दिया गया है। वे अब ईरान से बाहर निकल गए हैं। भारतीय दूतावास ने उनकी रिहाई के लिए ईरानी अधिकारियों को धन्यवाद दिया है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा, 'एमएससी एरीज पर सवार पांच भारतीय नाविकों को आज शाम रिहा कर दिया गया और वे ईरान से चले गए। हम बंदर अब्बास में दूतावास और भारतीय वाणिज्य दूतावास




के साथ घनिष्ठ समन्वय के लिए ईरानी अधिकारियों की सराहना करते हैं।'

इजरायल से जुड़े मालवाहक जहाज को 13 अप्रैल को ईरान ने जब्त कर लिया था, जिसमें 17 भारतीय नागरिक सवार थे। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स नेवी ने होर्मुज जलडमरूमध्य के पास कंटेनर जहाज को जब्त कर लिया। एमएससी एरीज को आखिरी बार 12 अप्रैल को दुबई के तट से दूर होर्मुज जलडमरूमध्य की ओर जाते हुए देखा गया था।

इससे पहले केरल के त्रिशूर की एन टेसा जोसेफ 18 अप्रैल को सुरक्षित रूप से अपने देश लौट आई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा था कि 17 भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक सुरक्षित रूप से भारत लौट आई है और अन्य सुरक्षित हैं।

Maharashtra

## डेढ़ किलो कोकीन निगल गया अफ्रीकी शख्स, एयरपोर्ट पर पकड़ा गया तो खुली सच्चाई



**मुंबई, (एजेंसी)** मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक अफ्रीकी शख्स को 15 करोड़ रुपये की कोकीन के साथ गिरफ्तार किया गया। हैरान करने वाली बात यह है कि जहर के बराबर इस नशीले पदार्थ को वह अपने पेट के अंदर छिपाकर ले जा रहा था। जानकारी के मुताबिक युवक ने कैप्सूल में भरकर कोकीन को निगल लिया था। ऐसे में उसे लगता था कि वह पकड़ा नहीं जाएगा।

खुफिया जानकारी के बाद डायरेक्टरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस (DRI) के अधिकारियों ने उसे एयरपोर्ट पर रोक लिया। आरोपी आइवरी कोस्ट का रहने वाला है। एजेंसी को जानकारी मिली थी कि एक अफ्रीकी शख्स बड़ी मात्रा में ड्रग्स तस्करी करने की फिराक में है। पकड़े जाने के बाद जब अधिकारी उससे पूछताछ करने लगे तो पहले उसने गोलमोल जवाब देना चाहा। हालांकि बाद में उसने स्वीकार कर लिया कि वह पेट में छिपाकर ड्रग्स की तस्करी करने जा रहा था।

कोर्ट से इजाजत मिलने के बाद आरोपी को जेजे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। उसके पेट से 77 कैप्सूल निकलीं जिनमें 1,468 ग्रमा कोकीन था। इन सभी कैप्सूल को निकालने में तीन दिन का वक्त लग गया। अधिकारियों ने बताया कि इस ड्रग्स की कीमत करीब 15 करोड़ रुपये है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। बता दें कि एक दिन पहले ही दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीआईएसएफ के कर्मियों ने एक विदेशी को 85 लाख रुपये की दवाओं के साथ गिरफ्तार किया।

Uttarpradesh

## टाटा स्टील के बिजनेस हेड की हत्या का आरोपी ढेर, गाजियाबाद में हुई मुठभेड़, सब इंस्पेक्टर भी जख्मी

**गाजियाबाद/नई दिल्ली, (एजेंसी)** यूपी के गाजियाबाद में बीते दिनों शालीमार गार्डन इलाके में टाटा स्टील के बिजनेस हेड विनय त्यागी की हत्या कर दी गई थी. विनय त्यागी का शव साहिबाबाद क्षेत्र के राजेंद्र नगर इलाके में नाले में मिला था. विनय की हत्या के आरोपी को पुलिस ने गाजियाबाद में एनकाउंटर में ढेर कर दिया है. पुलिस का कहना है कि विनय त्यागी की हत्या लूट के बाद की गई थी.

जानकारी के अनुसार, पुलिस ने एनकाउंटर में बदमाश अक्की उर्फ दक्ष को ढेर कर दिया है. इस बदमाश ने 3 मई की रात टाटा स्टील के बिजनेस हेड विनय त्यागी के साथ लूट के बाद हत्या कर दी थी. ट्रांस हिंडन डीसीपी ने बताया कि आज दिनांक 10 मई 2024 को थाना साहिबाबाद क्षेत्र में पुलिस और दो बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ की सूचना मिली. मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी और एक सब इंस्पेक्टर गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल सब इंस्पेक्टर और आरोपी को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया. वहीं एक बाइक सवार बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया.

New Delhi

## ED के हलफनामे पर भड़की AAP, अरविंद केजरीवाल की कानूनी टीम ने SC से कर दी शिकायत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दाखिल हलफनामे पर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की कानूनी टीम ने आपत्ति जताई है। टीम ने सुप्रीम कोर्ट रजिस्ट्री में औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हुए ईडी के हलफनामे को कानूनी प्रक्रियाओं की अवहेलना बताया है। मुख्यमंत्री की कानूनी टीम ने कहा कि उस समय हलफनामा दाखिल करना, जबकि केजरीवाल के अंतरिम जमानत पर अंतिम फैसले की तारीख पहले से तय है।

केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर ईडी की आपत्ति पर सवाल उठाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि यह सर्वविदित है कि कथित शराब घोटाले में ईडी द्वारा दो साल की जांच के बाद भी किसी के खिलाफ एक रुपये का सबूत नहीं मिला है। मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी भी दूसरे आरोपियों के बयानों पर आधारित है।

मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी, सरथ रेड्डी, सत्य विजय नाइक और एक अन्य भाजपा के करीबी का बयान उसमें शामिल है। 'आप' का आरोप है कि ईडी ने पूरी तरह से गवाह बने इन आरोपियों के बयानों पर भरोसा किया है, जिनका सीधा संबंध भाजपा से है।

शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत मिलेगी या नहीं, इस बारे में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट फैसला सुना सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को यह जानकारी दी थी।

खेल

# भारतीय महिला टीम ने बांग्लादेश का 5-0 से क्लीन स्वीप किया, पांचवें मैच में 21 रन से हराया

**सिलहट, (एजेंसी)** ऋचा घोष की नाबाद 28 रन की तेजतर्रार पारी के बाद राधा यादव (3/24) की शानदार गेंदबाजी से भारत ने गुरुवार को सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ पांचवें और अंतिम महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 21 रन से जीत हासिल कर सीरीज में 5-0 से क्लीन स्वीप किया। बांग्लादेश ने 157 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत की, लेकिन बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव के शीर्ष क्रम को झकझोरने से उसकी टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 136 रन ही बना सकी। उसके लिए रितु मोनी की 37 रन और शोरिफा खातून की नाबाद 28 रन की पारी भी कुछ काम नहीं आ सकी। ऑलराउंडर मोनी और शोरिफा ने छठे विकेट के लिए 57 रन की साझेदारी निभाकर भारत को दबाव में ला दिया लेकिन मेहमान टीम ने अंत में सीरीज में क्लीन स्वीप किया। मोनी और शोरिफा के बीच 57 रन की साझेदारी बांग्लादेश के लिए महिला टी-20 अंतरराष्ट्रीय में छठे




विकेट की सबसे बड़ी साझेदारी है। इससे पहले छठे विकेट के लिए संजीदा इस्लाम और निगार सुल्ताना के बीच 32 रन की सबसे बड़ी साझेदारी थी। लेग स्पिनर आशा शोभना (2/25 ) ने यह भागीदारी तोड़ी। उन्होंने मोनी को 17वें ओवर में आउट कर घरेलू टीम की उम्मीद तोड़ दी। बांग्लादेश ने 10 ओवर में पांच विकेट गंवाकर 52 रन बना लिए थे, लेकिन मोनी और शोरिफा ने मिलकर हर मौके का फायदा उठाकर बाउंड्री लगाकर और स्ट्राइक रोटेट करते हुए उम्मीद बंधाई। यादव ने सबसे पहले तितास साधु की गेंद पर शोभना मोस्त्री (13 रन) का शानदार कैच लेकर प्रभावित किया। शोभना ने पूजा वस्त्राकर के पहले ओवर में तीन चौके जमाए थे। फिर राधा ने दिलारा अख्तर (04), कप्तान निगार सुल्ताना (07) और रूबया हैदर (20) को आउट कर मेजबान टीम को पटरी से उतार दिया।

**हेमलता और हरमन की अहम साझेदारी-** इससे पहले ऋचा की तीन छक्के और एक चौके जड़ित 17 गेंद की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 156 रन बनाए। डी हेमलता (37) और कप्तान हरमनप्रीत कौर (30) ने भी तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़कर पारी को मजबूती दी। भारत ने श्रृंखला का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 25 गेंद में चार चौकों और एक छक्के से 33 रन बनाकर टीम को अच्छी शुरुआत दिलाई। राबिया खान (2/28) ने 16वें ओवर में भारत को दोहरा झटका दिया जबकि इससे एक ओवर पहले भी टीम ने विकेट गंवाया जिसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा ने ताबड़तोड़ पारी खेली। शेफाली वर्मा (14) और मंधाना ने पहले विकेट लिए 25 रन जोड़े। मंधाना ने हेमलता के साथ भी 37 रन की साझेदारी की।

मंधाना बड़ी पारी की ओर बढ़ रही थी लेकिन आठवें ओवर में नाहिदा अख्तर(2/27) की गेंद पर पगबाधा के विवादास्पद फैसले का शिकार बनीं। इस श्रृंखला में डीआरएस का उपयोग नहीं हो रहा।

सिनेमा

## 3 फुट के अब्दू करेंगे निकाह, जिगरी दोस्त शिव ठाकरे हुए शॉक, बोले- झूठ है...



गुरुवार को 'बिग बॉस 16' फेम अब्दू रोजिक ने उनके फैन्स को बड़ा सरप्राइज दिया. दुबई में लग्जरी लाइफ जीने वाले अब्दू को उनका प्यार मिल गया है. वो शादी करने के जा रहे हैं. आइये जानते हैं कि शादी को लेकर अब्दू ने क्या कहा. 7 जुलाई को यूएई में अब्दू, अमीरा नाम की लड़की से निकाह करेंगे. सोशल मीडिया पर शादी की खबर लीक होते ही अब्दू ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया. वीडियो में उन्होंने शादी को लेकर एक्साइटमेंट बयां की है. वो कहते हैं- मैंने अपनी लाइफ में कभी नहीं सोचा था कि मैं इतना लकी हो जाऊंगा. मुझे इतना प्यार और मेरा इतना सम्मान करने वाला जीवनसाथी मुझे मिलेगा. 7 जुलाई की तारीख सेव कर लें. मैं कितना खुश हूं इसे आपको शब्दों में बयां नहीं कर सकता.

आगे अब्दू ने बताया कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि अचानक उनकी जिंदगी में प्यार की एंट्री होगी. वो कहते हैं- दोस्तो आप लोगों को पता है कि मैं 20 साल का हूं. मैंने कितना सपना देखा था कि मेरी लाइफ में कोई मुझे प्यार और सम्मान करने वाला मिले. ये मेरा सपना था और अब अचानक मुझे वो लड़की मिल गई है, जो मेरी इज्जत करती है, मुझे बहुत प्यार करती है.

## Highlights

1. **Joi Raimati Ghiuria: Farmer who preserves 30 types of rare millets**
2. **3 dead, 8 hurt as truck hits vehicles on Mumbai-Pune Expressway**
3. **We want 400 seats as Congress can rebuild Babri Masjid: Sarma**
4. **Former judges, journalist N Ram call for Modi-Rahul public debate**
5. **Death toll rises to 9 in firecracker unit blast in TN's Sivakasi**
6. **Andhra Police seize ₹8.36 crore at inter-state check-post**

# You can soon take or end WhatsApp calls without even opening it. Here's how




**NEW DEIHI, (Agency).** Millions of people use audio and video calls on WhatsApp. The messaging app may finally offer a new audio call bar that will be highlighted whenever a person is on a call. This will allow you to mute or end the call without even opening the app or going to the main screen.

Whatsapp Audio call bar: What we know?

The feature is already being used by some WhatsApp beta users on Android. As per Wabetainfo, the bar is a mini-screen version of the calling interface on WhatsApp. Using the new audio call bar, you can stay on the call, end or mute it without going to the main call interface on the messaging app which means that calls can be taken or ended more easily.

The feature is available to limited testers on Android for now. You can expect to get the option soon as the tool evolves and becomes bug-free. However, WhatsApp has not shared a timeline for the same.

Is WhatsApp also working on more features?

Yes, WhatsApp is working on more features in the beta version. The messaging platform is attempting to give a cloud storage backup option which will be advanced in nature. Since chats can take a lot of space on the phone, WhatsApp offers basic details on the storage but soon you can have more data on the kind of content using the storage. WhatsApp Business users could especially benefit from this new feature.

# OpenAI could announce AI-powered Google search competitor on this date: What to expect?

**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI may announce its artificial intelligence-powered search product on May 13, news agency Reuters reported citing people in the know. This date has also been reported by Bloomberg and the Information who claimed that Microsoft-backed OpenAI is working on a search product to compete with Google and AI search startup Perplexity. OpenAI could have chosen the




date to announce their product ahead of the start of Google's annual I/O conference, where the tech giant is reportedly set to unveil several AI-related products. hat we know about OpenAI's search product? The search product by OpenAI is an extension of its flagship ChatGPT product. Using it, ChatGPT will be able to pull in direct information from the Web and include citations, it was reported. This comes as experts have said that ChatGPT struggles to provide accurate and real-time information from the Web. OpenAI earlier gave it an integration with Microsoft's Bing for paid subscribers only. OpenAI attempted to bring updated and real-world information in to ChatGPT, called ChatGPT plugins earlier as well. But the product was retired in April, as per a help center posting on OpenAI's website.

# स्कूली छात्रा से दुष्कर्म

## दूसरी घटना में छात्रा से छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। एक अपार्टमेंट के फ्लैट में रहने वाली स्कूली छात्रा के साथ गुरुवार देर रात रेप का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने चौकीदार को देर रात गिरफ्तार कर उसके खिलाफ रेप का केस दर्ज किया है। वहीं एक कॉलेज छात्रा से भी छेड़छाड़ के मामले में प्रकरण दर्ज कराया गया।**

तुकोगंज पुलिस के मुताबिक 19 साल की एक छात्रा ने बताया कि बिल्डिंग के चौकीदार संतोष ने उसे अकेला पाकर डरा धमकाकर रात में उसके साथ रेप किया। पीडिता ने बताया कि वह कार की चाबी लेने पार्किंग में आई थी। इस दौरान आरोपी ने उसे अकेला देखकर पकड़ लिया। और मुंह दबाते हुए दीवार के पास ले गया और जबरदस्ती की। बाद में पीडिता के परिवार के लोगों को जानकारी लगी। इस पर बिल्डिंग के चौकीदार को पकडक़र पुलिस के सुपुर्द किया गया।

उधर, भंवरकुआं थाने में 20 वर्षीय छात्रा की शिकायत पर शिवम यादव निवासी अशोक नगर के खिलाफ छेड़छाड़ का केस दर्ज किया गया है। उसने पुलिस को बताया कि शिवम से उसकी दोस्ती थी। कुछ दिनों पहले लडक़ी के साथ आरोपी शिवम ने चिड़ियाघर के पास मारपीट की थी, इसके बाद से लडक़ी ने उससे बातचीत बंद कर दी थी। बुधवार को पीडिता जब अपने हॉस्टल जा रही थी तभी आरोपी शिवम उसे भंवरकुआं चौराहे पर मिला। बुरी नीयत से उसने लडक़ी को पकड़ लिया। पीडिता ने शोर मचाया तो आरोपी धमकाते हुए भाग निकला। पुलिस आरोपी शिवम की तलाश कर रही है।

# 2.80 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** आपरेशन प्रहार के तहत पुलिस के चलाए अभियान के तहत गांधी नगर पुलिस ने मुंबई से एमडी ड्रग्स लाकर बेचने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे 2.80 लाख रुपए की एमडी ड्रग्स बरामद की गई है। इनसे पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है कि वे कितने दिनों से ड्रग्स तस्करी कर रहे थे और इंदौर में किस-किसको ये ड्रग्स बेचते थे। गांधी नगर पुलिस टीम को मुखबीर तंत्र से सूचना मिली कि क्षेत्र के दो व्यक्ति मुंबई ,नाला सुपारा से ड्रग्स लेकर इंदौर में तस्करी करने आ रहे हैं। टीम ने मुखबीर के बताये स्थान पर दो संदिग्ध आरोपियों को घेराबंदी कर पकडा । इनके नाम अरशद खान उम्र 31 साल निवासी मुस्लिम कालोनी गांधी नगर तथा शुभम प्रजापत उम्र 29 साल निवासी संत मार्ग गांधी नगर पता चले। आरोपियों की तलाशी लेते उनके कब्जे से 28 ग्राम एमडी ड्रग्स मिली जिसकी अंतराष्ट्रीय क़ीमती करीब 2 लाख 80 हजार रुपए बरामद की गई। आरोपियों से पूछताछ कर ड्रग्स तस्करी के बारे में पूछताछ की जा रही है।

# धर्मांतरण के मामले में थाने पहुंचे दलित नेता परमार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। तलाकशुदा दलित युवती को मुस्लिम युवक मदीना नगर निवासी समीर ख़ान पिता अब्दुल रहमान ने अपनी पहचान नाम बदलकर (सोनू मराठा बन) प्रेमजाल में फंसाया और उससे सम्बन्ध बनाये और उसका वीडियो बना लिया । उसी वीडियो से ब्लेकमैल कर दलित युवती से जबरजस्ती निकाह किया ।**

निकाह आरोपी के सगे बड़े भाई मौलाना हाफिज (फिरोज़खान) ने धरमपूरी में कराया । तत्पश्चात् पीडिता को मदीना नगर इन्दौर में किराए के कमरे में रख दिया । कुछ दिनों बाद आरोपी समीर ख़ान धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाने लगा । मना करने पर मारपिट करता । इसी दौरान समीर का बड़ा भाई अफज़ल ख़ान ने पीडिता से जबरजस्ती करने की कोशिश की तो पीडिता ने विरोध किया और अपने जिहादी पति समीर को अपने जेठ की करतूतों के बारे में बताया । दोनों भाईयों ने पीडिता की जमकर पिटाई की और नशीली दवा पिलाई उसके बाद दोनों भइयो ने एक दूसरे के सेक्स वीडियो बनाये और वायरल करने की धमकी देकर अनेकों बार पीडिता का दैहीक शोषण किया। पीडिता के सामने आत्महत्या के अलावा कोई रास्ता नहीं था । एसी अवस्था में रिश्तेदारों ने बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनोज परमार से संपर्क करने की सलाह दी । पीडिता ने दलित नेता से संपर्क कर अपनी आप बीती बताई। तत्काल परमार अपने पदाधिकारियों को साथ लेकर थाना आज़ाद नगर पहुँचे और थाना प्रभारी नीरज मेढा से मुलाक़ात कर घटना की जानकारी दी। पुलिस ने आश्वस्त किया कि आरोपियों पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इस मोके पर जिला अध्यक्ष लक्ष्मण खेड़े संभागीय अध्यक्ष दिनेश हिरवे पवन भावसार दिनेश कुलपारे विकास पथरोड, प्रशांत चौहान, ऋषित मालवीय,राज परमार, रिक्कू सोनी, धर्मेंद्र गुर्जर,सुरेश भदोरिया सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्लम्बर ने की खुदकुशी

**इंदौर।** एक प्लम्बर ने सुसाइड कर लिया। उसे पत्नी ने सबसे पहले देखा और परिवार को सूचना दी। परिवार ने पुलिस को सूचना देकर बुलाया और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। भाई का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। उसे मारकर फंदे पर लटकाया है। उसके शरीर पर चोट के निशान है। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक ग्राम सिवनी में सुरेन्द्र (32) पुत्र कल्याण सिंह ठाकुर का घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ शव मिला। परिवार का कहना है कि उसे मारकर फंदे पर लटकाया गया है। उसके शरीर पर चोट के निशान है। वह नल फीटिंग का काम करता था। उसके परिवार में दो बच्चे हैं।

इस मामले में जिला अस्पताल में भाई सत्येन्द्र सिंह ठाकुर ने चेहरा ओर दोनो हाथ के साथ प्रायवेट पार्ट पर चोट के निशान होने की बात कही है। उन्होंने मामले में सुरेन्द्र की पत्नी स्वाति पर ही गंभीर आरोप लगाए है।

# प्लम्बर ने की खुदकुशी

### भाई ने लगाया हत्या कर फंदे पर लटकाने का आरोप

**इंदौर।** एक प्लम्बर ने सुसाइड कर लिया। उसे पत्नी ने सबसे पहले देखा और परिवार को सूचना दी। परिवार ने पुलिस को सूचना देकर बुलाया और शव को नीचे उतारा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है। भाई का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। उसे मारकर फंदे पर लटकाया है। उसके शरीर पर चोट के निशान है। खुड़ैल पुलिस के मुताबिक ग्राम सिवनी में सुरेन्द्र (32) पुत्र कल्याण सिंह ठाकुर का घर में फांसी के फंदे पर लटका हुआ शव मिला। परिवौर का कहना है कि उसे मारकर फंदे पर लटकाया गया है। उसके शरीर पर चोट के निशान है। वह नल फीटिंग का काम करता था। उसके परिवार में दो बच्चे हैं। इस मामले में जिला अस्पताल में भाई सत्येन्द्र सिंह ठाकुर ने चेहरा ओर दोनो हाथ के साथ प्रायवेट पार्ट पर चोट के निशान होने की बात कही है। उन्होंने मामले में सुरेन्द्र की पत्नी स्वाति पर ही गंभीर आरोप लगाए है। सत्येन्द्र के मुताबिक करीब चार साल पहले भाई की शादी हुई थी। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही हत्या और आत्महत्या से पर्दा उठ पाएगा।

## कपड़ा व्यापारी के फ्लैट में आग

**इंदौर।** अन्नपूर्णा इलाके में रहने वाले एक कपड़ा व्यापारी के फ्लैट में तीन बदमाशों ने आग लगा दी। आरोपी अचानक फ्लैट पर पहुंचे और व्यापारी से विवाद करने लगे। इस बीच वे आग लगाकर भाग गए। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों पर केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक गजेन्द्र राय निवासी मितेश अपार्टमेंट, गोडबोले कॉलोनी ने बताया कि वह कपड़े का व्यापार करते हैं। गुरुवार रात वह परिवार के साथ खाना खा रहे थे। उनके साथ पत्नी पूजा राय और 14 वर्षीय बेटी और 10 साल का बेटा भी था। अचानक उनके फ्लैट का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने गेट खोला तो सामने यश सिलावट और उसके दो साथी खड़े थे। यश ने कॉलर पकड़ी और बाहर की तरफ खींचा। वहीं दो साथियों ने फ्लैट के अंदर और बाहर की तरफ पेट्रोल छिड़क दिया।

# जान देने वाली महिला के पति पर केस

### 100 रुपये के स्टाम्प पर की थी शादी, दोनों पहले से तलाकशुदा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राऊ में पति का नाम लेकर जहर पीने वाली महिला की मौत हो गई। पुलिस ने आखिरी समय दिए गए बयान के आधार पर पति पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक घटना 1 मई की है। पिंकी राठौर नाम की महिला ने जहर पी लिया। उसने मरने के पहले एक वीडियो जारी किया। जिसमें पति की प्रताडऩा से तंग आकर जान देने की बात कही। पुलिस की जांच में सामने आया कि जनवरी में ही दोनों ने 100 रुपए के स्टाम्प पर शादी की थी। यह दोनों की दूसरी शादी थी।

एसीपी रूबीना मिजवानी ने जांच के बाद पति आत्माराम पर आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में केस दर्ज किया है। जांच में सामने आया कि आत्माराम पिंकी को छोटी-छोटी बात पर प्रताडित करता था। इसके चलते उसने अपनी जान दे दी। पिंकी ने 18 जनवरी को आत्माराम से शादी की थी। इस मामले में पिंकी के भाई ने भी आरोप लगाए। जहर पीने से पहले पति को फोन पर कहा था, मैं जहर पी रही हूं। पति बोला- तुम्हें जैसा समझ आए करो। उनकी शादी को तीन महीने ही हुए थे। अस्पताल में परिजन ने उसका एक वीडियो बनाया है। वीडियो में उसने कहा कि 'मैं अपने पति की वजह से मर रही हूं। मेरे पति ने मुझे बुरी तरह मारा-पीटा, इसलिए जान दे रही हूं।

मां ने बेटी की हालत देखकर पिता और बेटे को सूचना दी। उसे अस्पताल लेकर आए, इलाज के दौरान मौत हो गई। पिंकी के परिवार का कहना था कि पिंकी की मौत को लेकर आत्माराम और परिवार को जानकारी दी, लेकिन वह अस्पताल नहीं आए, न ही किसी तरह की खबर ली।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक